




## —: हकतर्कनामा :—

हकतर्कनामा एक लिख देते है हम—

(1)— **भंवरसिंह** पुत्र स्व॰ श्री मदनसिंह जी, उम्र 39 वर्ष,

(2)— **कालूसिंह** पुत्र स्व॰ श्री मदनसिंह जी, उम्र 37 वर्ष, जातियान—राजपूत, निवासीगण— 218, नेहरू कॉलोनी, बग्गी खाना, रातानाड़ा जोधपुर

(3)— **चन्दा कंवर** पत्नी श्री आईदानसिंह पुत्री स्व॰ श्री मदनसिंह उम्र 34 वर्ष, जाति राजपूत, निवासी के.जी. कॉम्पलेक्स के पीछे, औद्योगिक क्षेत्र, रानी बाजार, बीकानेर (जिन्हें इस दस्तावेज में आगे संयुक्त रूप से **प्रथम पक्षकार / हकतर्ककर्तागण** के नाम से संबोधित किया जायेगा), ने

उप पंजीयक (चतुर्थ) जोधपुर

**बहक**

**श्री कैलाशसिंह टाक** पुत्र स्व॰ श्री मदनसिंह जी टाक, उम्र 33 वृर्ष, जाति—राजपूत, निवासी— 218, नेहरू कॉलोनी, बग्गी खाना, रातानाड़ा जोधपुर (जिन्हें इस दस्तावेज में आगे **द्वितीय पक्षकार / हकतर्कगृहिता** के नाम से संबोधित किया जायेगा) के हक में निम्न प्रकार से तहरीर व तकमील कर देते है कि :—

SAMPLE

यह है कि हम प्रथम पक्षकार संख्या–1 से 3 के पिता एवं द्वितीय पक्षकार के पिता स्व॰ श्री मदनसिंह जी सुपुत्र मगसिंह जी के नाम से आवंटन सुदा, लॉटरी सुदा, एक आवासीय **भूखण्ड संख्या– 58** बनाप 178.36 वर्गमीटर, सेक्टर–1 रामराज नगर योजना, ग्राम चौखा तहसील व जिला जोधपुर में आया हुआ है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड रामराज नगर योजना में जरिये लॉटरी दिनांक 02.09.2008 को प्रथम पक्षकार के पिता श्री मदनसिंह के नाम का आवंटन हुआ। तत्पश्चात् कार्यालय नगर विकास न्यास, जोधपुर द्वारा पत्र क्रमांक यू.आई.टी./एफ–46/आवंटन/08/325 दिनांक 12.09.2008 को मदनसिंह को प्रेषित किया गया जिसमें उक्त वर्णित आवंटन के पश्चात् भूखण्ड की राशि जमा करवाने हेतु मांग पत्र जारी किया गया। उपरोक्त मांग पत्र के अनुसार कार्यालय नगर विकास न्यास, जोधपुर ने रकम 1,74,001/– अक्षरे रूपये एक लाख चौहतर हजार एक मात्र जरिये रसीद क्रमांक 0045911 दिनांक 22.10.2008 को जमा करवाई गई। तत्पश्चात् रामराज नगर में भूखण्ड संख्या 58 सेक्टर–1 की लीज डीड जारी करने बाबत् एक प्रार्थना पत्र जरिये आवक क्रमांक 5723 दिनांक 23.10.2008 के तहत् जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में प्रस्तुत किया गया जिसकी अग्रिम कार्यवाही आज दिन तक लम्बित है।

यह है कि श्री मदनसिंह टाक का देहान्त दिनांक 27.03.2012 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 12.04.2014 को कार्यालय रजिस्ट्रार, जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण, नगर निगम, जोधपुर द्वारा जरिये रजिस्ट्रीकरण संख्या– 312001535/12.04.2012 के तहत जारी किया हुआ है तथा मदनसिंह की धर्मपत्नी श्रीमती भंवरी देवी का भी स्वर्गवास दिनांक 13.01.2011 को हो चुका है। उनके देहान्त के बाद हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अनुसार उनके निम्न वली वारिसान बहैसियत स्वामी संयुक्त रूप से काबिज हुए। स्वर्गीय मदनसिंह की पारिवारिक वंशावली निम्न प्रकार से है :–

कार्यालय उप पंजीयक (चतुर्थ) जोधपुर

मदनसिंह (फौत)

↓

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भवरी देवी | भंवरसिंह | कालूसिंह | कैलाशसिंह | चन्दा कंवर |
| (पत्नी–फौत) | (पुत्र ) | (पुत्र) | (पुत्र) | (पुत्री) |

Bsingh   Kalusingh   चन्दा देवी   Kailash Singh Tak

यह है कि मदनसिंह जी आवंटन सुदा जायदाद के मालिक व स्वामी थे, तथा उक्त जायदाद पर मालिकाना हक व अधिकार मदनसिंह जी का चला आ रहा था, तथा मदनसिंह जी का स्वर्गवास होने के बाद उपरोक्त वली वारिसान जो वंशावली में दर्शाये गये बहैसियत स्वामी काबिज व मालिक हुये व आज दिन तक संयुक्त रूप से मालिक व स्वामी है। उपरोक्त विधिक उत्तराधिकारी एवं वली वारिसान के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नही है, अगर हुए तो उसकी समस्त जिम्मेवारी उभय पक्षकारान की होगी।

यह है कि प्रत्येक प्रथम पक्षकार का उपरोक्त जायदाद में पुश्तैनी हक हिस्सा, बंट, अधिकार, स्वामित्व प्राप्त है।

यह है कि प्रथम पक्षकार स्व॰ श्री मदनसिंह के वारिसान क्रमशः पुत्र व पुत्री है व आप द्वितीय पक्षकार स्व॰ श्री मदनसिंह जी के पुत्र है, जो एक ही परिवार के सदस्य है, तथा इनके आपस में असीम प्राकृतिक प्रेम स्नेह विश्वास है। इसी असीम प्राकृतिक प्रेम व स्नेहवश से वशीभूत होकर इस दस्तावेज में वर्णित जायदाद में प्रथम पक्षकार का जो भी हिस्सा व हक हकूक है, उसे बिना किसी प्रतिफल के आप द्वितीय पक्षकार के हक में हकतर्क करते है। आज से आप द्वितीय पक्षकार प्रथम पक्षकार के हिस्से में आने वाली जायदाद के मालिक होंगे। आप द्वितीय पक्षकार उक्त जायदाद का बेचान, बेचान इकरार, वसीयत, रहन, गिरवी, दान इत्यादि किसी भी तरीके से मुन्तकिल कर सकेंगे व हर प्रकार से उपयोग व उपभोग कर सकेंगे, नव निर्माण कार्य करवा सकेंगे, बिजली पानी की सुविधाएं अपने नाम से ले सकेंगे, नाम ट्रांसफर करवा सकेंगे, जायदाद को किराये पर दे सकेंगे, तथा उक्त सम्पत्ति की संबंधित विभाग/कार्यालय/स्थानीय निकायो से अपने नाम एक्सचेंज डीड/लीजडीड/पट्टा प्राप्त कर सकेंगे, उसका पंजीयन करवा सकेगे, जिस बाबत्

उप पंजीयक (चतुर्थ)
जोधपुर

Bsiram Kalusingh चन्दा देवी Kailash Singh Tak

हम प्रथम पक्षकार और हमारे वली वारिसान को किसी प्रकार का उजर ऐतराज नहीं होगा। अगर उजर ऐतराज करेंगें तो अदालत एवं पंचायत में झूठे पड़ेंगे।

यह है कि इस हकतर्क के बदले में प्रथम पक्षकार ने द्वितीय पक्षकार से प्रतिफल की कोई राशि प्राप्त नही की है क्योंकि द्वितीय पक्षकार प्रथम पक्षकार दोनो एक ही परिवार के सदस्य है तथा स्वर्गीय मदनसिंह के वारिसान है तथा आपस में रक्त संबंध है। प्रथम पक्षकार अपनी राजी खुशी, अकल होशियारी से अपनी स्वेच्छा से द्वितीय पक्ष को अपना हिस्से की जायदाद हकतर्क कर रहे है।

यह है कि प्रथम पक्षकारान ने इस हकतर्कनामा के जरिये अपने समस्त हक, हकूक, अधिकार जो उपरोक्त वर्णित सम्पति में विद्यमान है जिसे द्वितीय पक्षकार के हक में हकतर्क कर दिये है तथा उपरोक्त जायदाद का कब्जा प्रथम पक्षकार ने आप द्वितीय पक्षकार को सुपुर्द कर दिया है। आज से द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष के हिस्से की जायदाद पर तन्हा मालिक व स्वामी हो जायेगें व उक्त हकतर्क की गई जायदाद के संबंध में प्रथम पक्षकारान की आल औलाद, वारिसान व उसके कानूनी प्रतिनिधि का कोई हिस्सा, कब्जा, दखल, अधिकार, उजर, एतराज नही रहेगा और यदि कोई आपत्ति या उजर करेगा तो वो इस दस्तावेज हकतर्कनामा की रूह से बेअसर व रद्द माना जावेगा। प्रथम पक्षकार ने अपने हक की जायदाद आज द्वितीय पक्ष के हक में तर्क कर दी है।

उप पंजीयक (चतुर्थ)

यह है कि आज दिन पूर्व उक्त जायदाद प्रथम पक्षकार ने किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को बेचान नही की है, नही बेचने का इकरार ही किया है, न ही किसी को वसीयत, दान, बख्सीश, आदि प्रकार से हस्तान्तरण किया है, न ही उक्त जायदाद के संबंध में किसी सरकारी गैर सरकारी विभाग में कोई विवाद ही विचाराधीन है न ही किसी न्यायालय में कोई वाद ही विचाराधीन है। उक्त जायदाद पूर्ण रूप से जायदाद पाक व साफ है यानि किसी भी प्रकार से

चन्दा देवी

SAMPLE

आज दिनांक 17 माह November सन् 2014 को 14:50 बजे
श्री / श्रीमती / सुश्री BHANWAR SINGH पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री MADAN SINGH
उम्र 39 वर्ष, जाति R.RAJPUT व्यवसाय BUSINESS
निवासी 218 NEHRU COLONY RATANADA JODHPUR
ने मेरे सम्मुख दस्तावेज पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया।

हस्ताक्षर प्रस्तुतकर्ता          हस्ताक्षर उप पंजीयक, JODHPUR (FORTH)
(2014005555)
(Release Deed (Ancestral) in 6 close relation)

रसीद नं0 2014005558 दिनांक 17/11/2014
पंजीयन शुल्क रू0 500 / –
प्रतिलिपि शुल्क रू0 200 / –
पृष्ठांकन शुल्क रू0 0 / –
अन्य शुल्क रू0 10 / –
कमी स्टाम्प शुल्क रू0 0 / –
कुल योग रू0 710 / –

(2014005555)     उप पंजीयक, JODHPUR (FORTH)
(Release Deed (Ancestral) in 6 close relation)

| | हस्ताक्षर | फोटो | अंगूठा |
|---|---|---|---|
| उक्त श्री / श्रीमती / सुश्री ( Executant )<br>1-BHANWAR SINGH /MADAN SINGH<br>Age:39, Caste-R.RAJPUT<br>Ocu.-BUSINESS<br>R/O-218 NEHRU COLONY RATANADA JODHPUR | |  |  |
| 2-KALU SINGH /MADAN SINGH<br>Age:37, Caste-RAJPUT<br>Ocu.-BUSINESS<br>R/O-NEHRU COLONY RATANADA JODHPUR | |  |  |
| 3-CHANDA KANWAR/MADAN SINGH<br>Age:34, Caste-RAJPUT<br>Ocu.-H./W<br>R/O-NEHRU COLONY RATANADA JODHPUR | |  |  |

SAMPLE

भारग्रस्त नही है। प्रथम पक्ष ने द्वितीय पक्ष को उक्त जायदाद पाक व साफ स्वामित्व के हस्तान्तरण किया है।

लिहाजा यह हकतर्कनामा प्रथम पक्षकारान ने अपनी राजी खुशी, अकल होशियारी से बिना किसी नशे–पते के, बिना किसी जोर–दबाव के सही व दुरूस्ती की हालत में सोच समझ कर अपनी स्वेच्छा से अपनी सगी माता के पक्ष में लिख दिया है जो सही व सनद रहे वक्त जरूरत के काम आवे।


इति तारीख :– 17.11.2014

Kailash Singh Tak    चन्दा देवी    Kalu Singh    B Singh

हकतर्कगृहिता      हकतर्ककर्तागण

साख :–1   मैं, राम चन्द्र पुत्र श्री लक्ष्मण राम
जाति जाट उम्र 35 वर्ष, निवासी एफ–1/7, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर में
रहने वाले ने अपनी साख डाली है ।

रामचन्द्र



साख :–2   मैं, हरि राम पुत्र श्री लक्ष्मण राम परिहार
जाति माली उम्र 35 वर्ष, निवासी मालियों का बास, पीपाड़ रोड, जोधपुर में
रहने वाले ने अपनी साख डाली है ।

Hari



उप ॰ जीयक (चतुर्थ)
जोधपुर

SAMPLE

| हस्ताक्षर | फोटो | अंगूठा |
|---|---|---|

ने लेख्यपत्र Release Deed (Ancestral) in 6 close relation को पढ़ सुन व समझकर निष्पादन करना स्वीकार किया।

उक्त निष्पादन कर्ता की पहचान

1. श्री/श्रीमती/सुश्री RAM CHANDRA
पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री LAXMAN RAM उम्र 34 वर्ष
जाति JAT व्यवसाय BUSINESS
निवासी WEST PATEL NAGAR RATANADA JODHPUR

2. श्री/श्रीमती/सुश्री BHAGWAN SINGH
पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री उम्र 0 वर्ष
जाति व्यवसाय ADV
निवासी RHC JODHPUR ने की है जिनके

समस्त हस्ताक्षर एंव अगूंठा के निशान मेरे समक्ष लिये गयें हैं।

(2014005555) उप पंजीयक, JODHPUR(FORTH)
(Release Deed (Ancestral) in 6 close relation)

उप पंजीयक (चतुर्थ)
जोधपुर

आज दिनांक 17/11/2014 को
पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 139
में पृष्ठ संख्या 29 क्रम संख्या 2014004165 पर
पंजिबद्व किया गया तथा अतिरिक्त
पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 553
के पृष्ठ संख्या 301 से 310 पर
चस्पा किया गया।

कार्यालय उप पंजीयक (चतुर्थ) जोधपुर (राज.)

(2014005555) उप पंजीयक, JODHPUR(FORTH)
(Release Deed (Ancestral) in 6 close relation)

उप पंजीयक (चतुर्थ)
जोधपुर

SAMPLE